# आज मईया का जगराता

आज मईया का जगराता, भेंटे गाएंगे ।
आई है शेरां वाली माता, दर्शन पाएंगे ।
नाचेंगे हम, गायेंगे और सब को साथ नचाएंगे ॥
आज मईया का जगराता.....

आ के दर्शन कर लो भक्तो, जगमग जलती ज्योति,
दाती उनको आप बुलाये, जिस पे रहमत होती । -2
माँ को मिलने आयें है, और झोली भर ले जायेंगे ॥
आज मईया का जगराता.....

माँ के भक्तो ने है मिलकर माँ का जगन रचाया ।
दिल में भर के प्रेम मैया का सुन्दर भवन सजाया । -2
माँ के रंग में रंग जान है, माथे तिलक लगाएंगे ॥
आज मईया का जगराता.....

मस्त सिकंदर झूम रहें है, माँ के मस्त दीवाने ।
ढोलक चिमटा छैना बाजे, लागे बड़े सुहाने । -2
करमा रोपड़ वाला नाचे, रमजू से ढोल बजाएंगे ॥
आज मईया का जगराता.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22770/title/aaj-mayia-ka-jagrata

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |